# PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A. BIHAR UNIVERSITY NEWS
## COMPILED BY MEDIA CELL (13.09.2024)

DAINIK BHASKAR, MUZAFFARPUR
DATE : 13.09.2024, PAGE-02

## हॉस्टल में रहने वाले छात्रों का हो रहा रिन्यूअल

मुजफ्फरपुर | बीआरएबीयू के पीजी हॉस्टल में रहने वाले स्टूडेंट्स का वेरिफिकेशन के बाद रिन्यूअल किया जा रहा है। पीजी सत्र 2022-24 के फोर्थ सेमेस्टर के स्टूडेंट्स अभी रिन्यूअल करा रहे हैं। डीएसडब्ल्यू कार्यालय में आवेदन जमा किया जा रहा है। आवेदन लेकर आने वाले स्टूडेंट्स को टर्म्स एंड कंडीशन के साथ हिदायत दी जा रही है कि कोर्स पूरा होने के बाद स्वेच्छा से हॉस्टल खाली कर देंगे। कोर्स पूरा होने के बाद भी हॉस्टल में कब्जा जमाए रहने की शिकायत के बाद विवि की ओर से सख्ती बरती जा रही हैं।

DAINIK BHASKAR, MUZAFFARPUR
DATE : 13.09.2024, PAGE-02

## हॉस्टल में रहने वाले छात्रों का हो रहा रिन्यूअल

मुजफ्फरपुर | बीआरएबीयू के पीजी हॉस्टल में रहने वाले स्टूडेंट्स का वेरिफिकेशन के बाद रिन्यूअल किया जा रहा है। पीजी सत्र 2022-24 के फोर्थ सेमेस्टर के स्टूडेंट्स अभी रिन्यूअल करा रहे हैं। डीएसडब्ल्यू कार्यालय में आवेदन जमा किया जा रहा है। आवेदन लेकर आने वाले स्टूडेंट्स को टर्म्स एंड कंडीशन के साथ हिदायत दी जा रही है कि कोर्स पूरा होने के बाद स्वेच्छा से हॉस्टल खाली कर देंगे। कोर्स पूरा होने के बाद भी हॉस्टल में कब्जा जमाए रहने की शिकायत के बाद विवि की ओर से सख्ती बरती जा रही हैं।

DAINIK BHASKAR, MUZAFFARPUR,
DATE:13.09.2024, PAGE-02

## 14 जिलों में बनेंगे 19 मतदान केंद्र, प्रशासन की रहेगी निगरानी

### सीनेट चुनाव : मुजफ्फरपुर में बनेंगे 4 मतदान केंद्र

एजुकेशन रिपोर्टर | मुजफ्फरपुर

बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में सीनेट चुनाव को लेकर तैयारी तेज हो गई है। यहां पर सीनेट के शिक्षक प्रतिनिधि के लिए 23 सितंबर को मतदान कराया जाना है। इसके लिए मुजफ्फरपुर सहित उत्तर बिहार के 14 जिलों में 19 मतदान केंद्र बनाए जाएंगे। इनमें बिहार विश्वविद्यालय मुख्यालय पर 4 मतदान केंद्र बनेंगे। विश्वविद्यालय के पीजी विभाग के साथ ही लंगट सिंह कॉलेज, आरडीएस कॉलेज और एमडीडीएम कॉलेज में मतदान केंद्र बनाए जाएंगे। निर्वाचन अधिकारी कुलसचिव डॉ. अपराजिता कृष्णा ने बताया कि सीनेट चुनाव को लेकर विश्वविद्यालय की ओर से तैयारी जोर-शोर से चल रही है। शांतिपूर्ण मतदान के लिए सभी मतदान केंद्रों पर स्थानीय जिला और पुलिस प्रशासन का भी सहयोग लिया जा रहा है।

कुलसचिव ने चुनाव को लेकर गुरुवार को जिलाधिकारी से भी मुलाकात की। कुलसचिव ने बताया कि डीएम और कमिश्नर के माध्यम से शांतिपूर्ण व निष्पक्ष चुनाव के लिए सभी संबंधित जिलों में प्रशासन का सहयोग लिया जाएगा। जिला प्रशासन की ओर से ही चुनाव के लिए बैलेट बॉक्स उपलब्ध कराया जा रहा है। विश्वविद्यालय स्तर पर बैलेट पेपर सहित अन्य चुनाव सामग्री तैयार की जा रही है। बता दें कि बिहार विश्वविद्यालय की 106 सदस्य वाली सीनेट में शिक्षकों के 15 प्रतिनिधि होते हैं। करीब 12 साल बाद इसके लिए चुनाव की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। इसमें पीजी विभाग से 3, अंगीभूत कॉलेजों से 9 और संबद्ध व टेक्निकल कॉलेजों से 3 प्रतिनिधि चुने जाते हैं। विश्वविद्यालय के पीजी विभाग के 2 पदों पर निर्विरोध चुनाव हो गया है। सामान्य कोटि के 1 पद के लिए लड़ाई है। वहीं, अंगीभूत कॉलेज और संबद्ध कॉलेज के सभी 12 पदों पर मतदान होना है। इसके लिए विश्वविद्यालय के स्तर से तैयारी जोर-शोर से चल रही है। दूसरी ओर प्रत्याशी भी अपने-अपने तरीके से प्रचार में जुटे हुए हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के साथ ही कॉल या व्हाट्सएप मैसेज कर संपर्क किया जा रहा है।

**DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR**
**DATE : 13.09.2024, PAGE-04**

# विश्वविद्यालय में 23 को होगा सीनेट चुनाव

**जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर :** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में सीनेट चुनाव 23 सितंबर को होगा। इसकी तैयारी जोरों पर है। मुजफ्फरपुर समेत 14 जिलों में 19 मतदान केंद्र बनेंगे। विश्वविद्यालय मुख्यालय में चार मतदान केंद्र होंगे। पीजी विभाग के साथ ही एलएस कालेज, आरडीएस कालेज और एमडीडीएम कालेज में मतदान केंद्र होंगे। विश्वविद्यालय की 106 सदस्य वाली सीनेट में शिक्षकों के 15 प्रतिनिधि होते हैं। करीब 12 साल बाद इसके लिए चुनाव की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। इसमें पीजी विभाग से तीन, अंगीभूत कालेजों से नौ और संबद्ध व टेक्निकल कालेजों से तीन प्रतिनिधि चुने जाने हैं। पीजी विभाग के दो पदों पर निर्विरोध चुनाव हो गया है, सामान्य कोटि केएक पद के लिए लड़ाई है। वहीं अंगीभूत कालेज व संबद्ध कालेज के सभी 12 पदों पर मतदान होना है। निर्वाचन अधिकारी कुलसचिव डा. अपराजिता कृष्णा ने बताया कि सभी मतदान केंद्रों पर स्थानीय जिला व पुलिस प्रशासन का भी सहयोग लिया जा रहा है।

**DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR,**
**DATE:13.09.2024, PAGE-04**

# आंतरिक प्रेरणा और क्षमता के माध्यम से ही महिला सशक्तीकरण होगा संभव



बिहार विश्वविद्यालय में आयोजित महिला सुरक्षा जागरूकता शिविर में मौजूद अतिथि • सौ. विभाग

**जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर :** बिहार विश्वविद्यालय और काजीमोहम्मदपुर थाना की ओर से सीनेट हाल में महिला सुरक्षा जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्नातकोत्तर विभागों में अध्ययनरत छात्राएं, शिक्षिकाएं व महिला शिक्षकेत्तर कर्मियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. डा. दिनेश चंद्र राय ने कहा कि बाहरी सहयोग से अधिक आंतरिक प्रेरणा व क्षमता के माध्यम से ही महिला सशक्तीकरण संभव है। इसके लिए स्त्री और पुरुष को कलुषित विचारों से मुक्त होकर कार्य करने की आवश्यकता है। काजीमोहम्मदपुर थाने की महिला हेल्प डेस्क प्रभारी दारोगा पुष्पा कुमारी ने छात्राओं को सुरक्षा का पाठ पढ़ाया। कहा कि, कभी भी कहीं भी स्वयं को असुरक्षित महसूस करे तो तुरंत महिला हेल्प डेस्क के साथ डायल 112 को जानकारी दें। पुलिस मौके पर पहुंचकर उन्हें सुरक्षित अपने गंतव्य तक पहुंचाएगी। अधिवक्ता संगीता शाही व विश्वविद्यालय संस्कृत विभागाध्यक्ष प्रो. डा. मनोज कुमार ने भी विचार रखे। शिविर में यह निर्णय लिया गया विश्वविद्यालय के प्रत्येक विभाग से 10 छात्राओं का ग्रुप बनाया जाएगा। यह ग्रुप विश्वविद्यालय में छात्राओं की परेशानियों की जानकारी संकायाध्यक्षों को देगा। महिलाओं के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया। संचालन प्रो. नीभा शर्मा ने किया। मौके पर आइक्यूएसी के निदेशक प्रो. डा. कल्याण कुमार झा के अलावा प्रो. संगीता अग्रवाल भी मौजूद थीं।

HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE : 13.09.2024, PAGE- 06

### उच्च शिक्षा निदेशालय कर रहा विचार, विश्वविद्यालयों में लागू होगा नया सिलेबस

# अगले साल से वोकेशनल कोर्स में सीबीसीएस लागू करने की तैयारी

**हि विशेष**

ुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता। ोकेशनल कोर्स में अगले सत्र से वाइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम सीबीसीएस) लागू करने की तैयारी । उच्च शिक्षा निदेशालय इसपर विचार र रहा है। राजभवन की मंजूरी के ाद बीआरएबीयू समेत सभी श्वविद्यालयों में वोकेशनल कोर्स में ीबीसीएस लागू होगा।

उच्च शिक्षा निदेशक प्रो. रेखा कुमारी बताया कि हमलोग वोकेशनल में मेस्टर सिस्टम लागू करने का प्रस्ताव ैयार कर रहे हैं। विवि में कोई भी दलाव राजभवन के निर्देश के बाद ी किया जाएगा। उच्च शिक्षा निदेशक बताया कि सेमेस्टर सिस्टम पर ालीन उच्च शिक्षा परिषद की बैठक में चर्चा भी करेंगे। स्नातक स्तरीय वोकेशनल कोर्स में बदलाव के साथ पीजी में भी बदलाव करना होगा। हम इन सभी चीजों पर विचार करेंगे।

**पिछले वर्ष स्नातक के सामान्य कोर्स में लागू हुआ था सीबीसीएस:** पिछले वर्ष स्नातक के सामान्य विषयों में सेमेस्टर सिस्टम लागू किया गया था। उसके बाद से ही वोकेशनल कोर्स में भी सेमेस्टर सिस्टम लागू करने पर चर्चा शुरू हो गई थी। स्नातक में सेमेस्टर सिस्टम लागू होने के साथ स्नातक स्तर के विषयों में नये सिलेबस भी लागू किये गये थे।

## बिहार विवि में हांफ रहा 23 साल पुराना जेनरेटर

मुजफ्फरपुर। बीआरएबीयू में लगा 23 वर्ष पुराना जेनरेटर हांफ रहा है। विवि का जेनरेटर विवि के एसी-और पंखे का लोड नहीं ले पा रहा है। पुराने जेनरेटर पर विवि के 140 एसी चलते हैं। एसी के ऑन होते ही जेनरेटर हांफने लगता है। जेनरेटर के नहीं चलने से बिजली गुल होने के दौरान विवि के सारे काम ठप हो जाते हैं। गुरुवार को भी बिजली गुल होने के बाद जेनरेटर ने सभी उपकरणों का लोड नहीं उठाया और बीच में ही बंद हो गया। बिजली कटने और बीच में ही जेनरेटर ठप हो जाने से गर्मी और उमस से सारे कर्मी बेहाल हो गये और कामकाज भी ठप हो गया। विवि के कार्यपालक अभियंता राजेश कुमार का कहना है कि जल्द ही एक 100 केवीए का नया जेनरेटर विवि में शुरू होगा। उधर, केंद्रीय लाइब्रेरी में भी जेनरेटर नहीं चलने से छात्र परेशान रहे। जेनरेटर नहीं रहने से स्टडी सेंटर में बैठने वाले छात्र गर्मी से अकुला रहे थे।

## चार साल स्नातक करने पर एक साल की पीजी

सामान्य कोर्स की तरह वोकेशनल कोर्स में भी चार वर्ष का स्नातक कोर्स करने के बाद एक साल की पीजी की पढ़ाई करनी होगी। इसके अलावा 7.5 सीजीपीए मिलने के बाद विद्यार्थी स्नातक के बाद सीधे पीएचडी के लिए सक्षम हो जाएगा। उच्च शिक्षा निदेशक ने बताया कि सीबीसीएस लागू करने से पहले हमें सभी आयामों के बारे में विचार करना है।

**इस वर्ष कई कोर्स में खाली रह गईं सीटें:** इस वर्ष वोकेशनल के कई विषयों में सीटें खाली रह गई हैं। कई कॉलेजों में बायोकेमेस्ट्री और आईएमबी विषयों में दाखिले नहीं हुए हैं। एलएस कॉलेज में बीजेएमसी में 50 सीटों में 22 दाखिले हुए हैं।

HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE: 13.09.2024, PAGE-06



बिहार विश्वविद्यालय में गुरुवार को आयोजित महिला सुरक्षा जागरूकता शिविर में मौजूद शिक्षिका व छात्राएं।

# कलुषित विचारों से मुक्त हो करें काम : वीसी

- विवि में महिला सुरक्षा जागरूकता शिविर
- आत्मबल व साहस के साथ आगे बढ़ें महिलाएं

मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता। बीआरएबीयू के संस्कृत विभाग, आईक्यूएसी व पुलिस प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को महिला सुरक्षा जागरूकता शिविर का आयोजन सीनेट हॉल में किया गया। अध्यक्षता कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय ने की। मुख्य वक्ता के तौर पर वरिष्ठ अधिवक्ता संगीता शाही उपस्थित रहीं।

यह कार्यक्रम मुख्य रूप से स्नातकोत्तर विभागों में अध्ययनरत छात्राओं, शिक्षिकाओं एवं महिला शिक्षकेतर कर्मियों के लिए था। विषय प्रवेश प्रो. संगीता अग्रवाल ने कराया। शिविर में महिलाओं के संपूर्ण जीवन चक्र में प्रभावित होने वाले मुद्दों व महिला सशक्तिकरण पर जागरूकता और संवेदना को बढ़ावा देने पर विचार-विमर्श किया गया। कुलपति ने कहा कि बाहरी सहयोग व प्रेरणा से अधिक आंतरिक प्रेरणा व क्षमता के माध्यम से ही महिलाओं का सशक्तिकरण संभव है। इसके लिए स्त्री और पुरुष को कलुषित विचारों से मुक्त होकर कार्य करने की आवश्यकता है। मुख्य वक्ता संगीता शाही व पुलिस निरीक्षक पुष्पा कुमारी ने छात्राओं के प्रश्नों का समाधान किया। विश्वविद्यालय संस्कृत विभाग के अध्यक्ष प्रो. मनोज कुमार ने कहा कि महिलाओं को आत्मबल और साहस के साथ आगे बढ़ना है। शिविर में निर्णय लिया गया कि प्रत्येक विभाग से दस छात्राओं का एक समूह बनाया जाएगा। ये छात्राएं विश्वविद्यालय में घटने वाली घटनाओं की जानकारी संकायाध्यक्षों को देंगी। शिविर में महिलाओं के लिए हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. निशा शर्मा ने किया।

HINDUSTAN, MUZAFFARPUR
DATE:13.09.2024, PAGE-06

## डॉ. गजाला को थीसिस अवार्ड

मुजफ्फरपुर। बीआरएबीयू की पीएचडी छात्रा डॉ. गजाला रुही फातिमा को सोसाइटी ऑफ प्लांट प्रोटेक्शन साइंसेज द्वारा सर्वश्रेष्ठ पीएचडी थीसिस अवार्ड 2024 प्रदान किया गया। जूलॉजी के विभागाध्यक्ष प्रो. शिवानंद सिंह ने बताया कि यह सम्मान शेर-ए-कश्मीर यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर साइंसेस द्वारा आयोजित एक सम्मेलन में दिया गया।

## एकेडमिक क्रेडिट के लिए बनी कमेटी

मुजफ्फरपुर। बीआरएबीयू के सभी कॉलेजों में एकेडमिक क्रेडिट बनाने के लिए कमेटी बनाई गई है। कमेटी में दो सहायक प्राध्यापक और डिप्टी कंट्रोलर को रखा गया है। कमेटी कॉलेजों को एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट बनाने की ट्रेनिंग देगी। उच्च शिक्षा विभाग ने सभी विश्वविद्यालयों को छात्रों का एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट बनाने का निर्देश दिया है।

## मनोविज्ञान विभाग का जैन चेयर से एमओयू

मुजफ्फरपुर। बीआरएबीयू के पीजी मनोविज्ञान विभाग ने जोधपुर (राजस्थान) के प्रो. सोहन राज लक्ष्मी देवी टटेर जैन चेयर से एमओयू किया है। विभागाध्यक्ष प्रो. रजनीश कुमार गुप्ता ने कहा कि इस एमओयू से मनोविज्ञान विभाग के शोध छात्र जैन साहित्य के मनोवैज्ञानिक आयामों पर काम कर सकेंगे। इस विषय पर बिहार विवि के मनोविज्ञान विभाग में लगातार व्याख्यान होंगे।

## सीनेट चुनाव को लेकर बनेंगे 19 बूथ

मुजफ्फरपुर। बीआरएबीयू में सीनेट चुनाव को लेकर 19 बूथ बनाये जाएंगे। चुनाव में 25 बैलेट बॉक्स का इस्तेमाल किया जाएगा। चुनाव में जिला प्रशासन का भी सहयोग लिया जाएगा। इसकी जानकारी रजिस्ट्रार प्रो. अपराजिता कृष्णा ने दी। सीनेट चुनाव को लेकर गुरुवार को कमेटी की बैठक भी हुई। बैठक में तय हुआ कि जहां-जहां बूथ बनेंगे वहां के प्राचार्य को सीनेट चुनाव को लेकर पत्र भेजा जाएगा।

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR
DATE :- 13.09.2024, PAGE-06

# सीनेट चुनाव की तैयारी तेज डीएम से कुलसचिव की भेंट

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरएबीयू में सीनेट चुनाव को लेकर तैयारी तेज हो गयी है. निर्वाचन अधिकारी कुलसचिव डॉ अपराजिता कृष्णा ने बताया कि चुनाव को लेकर तैयारी चल रही है. सभी मतदान केंद्रों पर स्थानीय जिला व पुलिस प्रशासन का भी सहयोग लिया जा रहा है.

कुलसचिव ने चुनाव को लेकर डीएम से भी मुलाकात की. सीनेट के शिक्षक प्रतिनिधि के लिए 23 सितंबर को मतदान होना है. मुजफ्फरपुर सहित 14 जिलों में 19 मतदान केंद्र बनाए जाएंगे. विवि मुख्यालय पर चार मतदान केंद्र प्रस्तावित हैं. पीजी विभाग के साथ ही एलएस कॉलेज, आरडीएस कॉलेज व एमडीडीएम कॉलेज में मतदान केंद्र बनाये जायेंगे. कुलसचिव ने बताया कि शांतिपूर्ण व निष्पक्ष चुनाव के लिए सभी संबंधित जिलों में प्रशासन का सहयोग लिया जायेगा. जिला प्रशासन की ओर से ही चुनाव के लिए बैलेट बॉक्स उपलब्ध कराया जा रहा है. विवि स्तर पर बैलेट पेपर सहित अन्य चुनाव सामग्री तैयार की जा रही है.

### 12 पदों पर मतदान

बता दें कि विवि की 106 सदस्य वाली सीनेट में शिक्षकों के 15 प्रतिनिधि होते हैं. करीब 12 साल बाद इसके लिए चुनाव की प्रक्रिया पूरी की जा रही है. इसमें पीजी विभाग से 3, अंगीभूत कॉलेजों से 9 और संबद्ध व टेक्निकल कॉलेजों से तीन प्रतिनिधि चुने जाने हैं. पीजी विभाग के दो पदों पर निर्विरोध चुनाव हो गया है. सामान्य कोटि के 1 पद के लिए लड़ाई है. वहीं अंगीभूत कॉलेज व संबद्ध कॉलेज के सभी 12 पदों पर मतदान होना है.

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE: 13.09.2024, PAGE-04

## बीआरएबीयू. महिला सुरक्षा जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

# विवि के विभागों से बनेंगे दस समूह घटनाओं पर छात्राएं रखेंगी नजर

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग, आईक्यूएसी व पुलिस प्रशासन मुजफ्फरपुर के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को महिला सुरक्षा जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया. विवि के केंद्रीय पुस्तकालय के सीनेट हॉल में कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. (डॉ) दिनेश चंद्र राय ने की. वहीं मुख्य वक्ता के तौर पर वरिष्ठ अधिवक्ता संगीता शाही उपस्थित थीं.

इस दौरान कुलपति ने कहा कि बाहरी सहयोग व प्रेरणा से अधिक आंतरिक प्रेरणा व क्षमता के माध्यम से ही महिलाओं का सशक्तीकरण संभव है. इसके लिए स्त्री और पुरुष को रूढ़िवादी विचारों से मुक्त होकर कार्य करने की आवश्यकता है. अधिवक्ता संगीता शाही व पुलिस निरीक्षक पुष्प कुमारी ने छात्राओं के प्रश्नों का समाधान किया. विश्वविद्यालय संस्कृत विभाग के अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) मनोज कुमार ने कहा कि महिलाओं को आत्मबल और साहस के साथ आगे बढ़ना है. महिलाएं स्वयं में शक्ति एवं शिव भी हैं. इस बैठक में यह निर्णय लिया गया कि प्रत्येक विभाग से दस छात्राओं का एक समूह बनाया जायेगा. ये छात्राएं विश्वविद्यालय में घटने वाली घटनाओं की जानकारी संकाय के अध्यक्षों को देंगी. यह भी निर्णय लिया गया कि छात्राओं की सुविधा को ध्यान में रखकर दोबारा एक बैठक आयोजित होगी. इस शिविर में महिलाओं के लिए हेल्प लाइन नंबर भी जारी किया गया. कार्यक्रम में विश्वविद्यालय विभागों की छात्राएं, शिक्षिकाएं, विभागाध्यक्ष, संकाय के अध्यक्ष सहित महिला शिक्षकेतर कर्मचारी उपस्थित रहीं. कार्यक्रम का संचालन प्रो निभा शर्मा ने किया. कार्यक्रम का संयोजन संयुक्त रूप से आईक्यूएसी के निदेशक प्रो (डॉ) कल्याण झा व विश्वविद्यालय संस्कृत विभाग के अध्यक्ष प्रो (डॉ) मनोज कुमार ने किया.



बीआरएबीयू में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते कुलपति व मौजूद अतिथि.